# JPSC 2013 G.S Paper-I (Prelims)

## [Series-D ]

1. विक्रमशिला विश्वविद्यालय इनमें से आज के किस राज्य में अवस्थित था?
   (a) मध्य प्रदेश (b) ओडिशा
   (c) बिहार (d) झारखण्ड
2. अजंता की कला को इनमें किसने प्रश्रय (सहायता) दिया?
   (a) चालुक्य (b) पल्लव
   (c) वकटक (d) गंगा
3. किस सुल्तान के बारे में कहा जाता है कि उसने भूमि-कर को उत्पादन के 50% तक कर दिया था?
   (a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
   (c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) फिरोज़ तुगलक
4. सुल्तानी युग में बौद्धों की कौन-सी शाखा सबसे प्रभावशाली थी?
   (a) थेरवाद (b) हीनयान
   (c) वज्रयान (d) तंत्रयान
5. इनमें से किसे 'आन्ध्र भोज' भी कहा जाता है?
   (a) कृष्णदेव राय (b) राजेन्द्र चोल
   (c) हरिहर (d) बुक्का
6. हेमचन्द्र विक्रमादित्य भारतीय इतिहास में किस नाम से जाने जाते हैं?
   (a) पूरन मल (b) मालदेव
   (c) राणा सांगा (d) हेमू
7. इनमें से किस कर-व्यवस्था को बन्दोबस्त व्यवस्था के नाम से भी जाना जाता है?
   (a) जाब्ती (b) दहसाला
   (c) नसक (d) कानकुट
8. अबुल फज़ल की मृत्यु इनमें से किसके कारण हुई?
   (a) शहज़ादा सलीम (b) अब्दुर रहीम खान-इ-खानाँ
   (c) शहज़ादा मुराद (d) शहज़ादा दानियल
9. किस मुगल बादशाह ने तम्बाकू के प्रयोग पर निषेध लगाया?
   (a) बाबर (b) जहाँगीर
   (c) औरंगज़ेब (d) मुहम्मद शाह
10. इनमें से किस वर्ष बंगाल से दासों के निर्यात को रोक दिया गया?
   (a) 1764 (b) 1789
   (c) 1858 (d) 1868
11. 'रिंग फेंस' नीति का सम्बन्ध इनमें से किससे है?
   (a) हेनरी लॉरेंस (b) डलहौजी
   (c) वारेन हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड क्लाइव
12. 'दि एज ऑफ कान्सेंट ऐक्ट' किस वर्ष पारित हुआ?
   (a) 1856 (b) 1891
   (c) 1881 (d) 1905
13. पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को 1845-1855 के दौरान स्वरूप देने वाले थे
   (a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस
   (c) जॉर्ज ऑकलैंड (d) वारेन हेस्टिंग्स
14. ब्रिटिश संसद के सदस्य के रूप में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय थे
   (a) आर० सी० दत्त (b) दादाभाई नौरोजी
   (c) राममोहन रॉय (d) मेघनाद देसाई
15. महात्मा गाँधी एवं उनके विचारों से प्रभावित होने वाले प्रथम आदिवासी नेता थे
   (a) अलूरी सीताराम राजू (b) जाड़ानांग
   (c) झाबकर बापा (d) रानी गाइदिनलिऊ
16. इनमें से किसे 'फ्रंटियर गाँधी' कहा जाता है?
   (a) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
   (b) खान अब्दुल गफ्फार खान
   (c) जतीन दास
   (d) मौलाना मुहम्मद अली
17. काँग्रेस ने पूर्ण स्वराज की घोषणा सबसे पहले कहाँ की?
   (a) लाहौर (b) अमृतसर
   (c) लखनऊ (d) त्रिपुरा
18. रॉलेट ऐक्ट लाने का क्या प्रयोजन था?
   (a) भूमि-सुधार
   (b) राष्ट्रीय एवं क्रान्तिकारी गतिविधियों पर रोक लगाना
   (c) 'बैलेंस ऑफ ट्रेड' को ठीक करना
   (d) द्वितीय विश्व युद्ध के बंदियों पर मुकदमा चलाना
19. मुजफ्फरपुर बम काण्ड (1908) का सम्बन्ध इनमें से किसके साथ है?
   (a) सावकर (b) अजीत सिंह
   (c) प्रफुल्ल चाकी (d) बिपिन चन्द्र पाल
20. इनमें से किसका सम्बन्ध सनातन आदिवासी महासभा से है?
   (a) थेबल ओराँव (b) तिलका माँझी
   (c) सिलू संताल (d) दूका हो
21. इनमें से कौन 1930 के दशक में किसान सभा आन्दोलन से सक्रिय रूप से जुड़े थे?
   (a) स्वामी विद्यानंद (b) स्वामी सहजानंद
   (c) बाबा रामानंद (d) सरदार पटेल

22. किस ऋषि के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दक्षिण भारत का आर्यकरण किया, उन्हें आर्य बनाया?
(a) विश्वामित्र (b) अगस्त्य
(c) वशिष्ठ (d) सांभर

23. सोलह महाजनपदों के युग में मथुरा इनमें से किसकी राजधानी थी?
(a) वज्जी (b) वत्स
(c) काशी (d) सुरसेना

24. बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था?
(a) काशी (b) सारनाथ
(c) कुशीनगर (d) बोध-गया

25. मौर्यकाल में टैक्स को छुपाने (चोरी) के लिए इनमें से क्या दण्ड दिया जाता था?
(a) मृत्युदण्ड (b) सामानों की कुर्की (जब्ती)
(c) कारावास (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. भारत में प्रथम कपास मिल (सूती-वस्त्र उद्योग) की स्थापना किस शहर में हुई?
(a) बम्बई (b) अहमदाबाद
(c) बड़ौदा (d) कलकत्ता

27. दण्डकारण्य भारत के किस भाग में स्थित है?
(a) उत्तरी (b) पूर्वी
(c) मध्यवर्ती (d) पश्चिमी

28. उच्चावच दिखाने का सबसे सही तरीका कौन-सा है?
(a) समोच्च रेखा (b) रेखाच्छादन
(c) रंगीन परत (d) पर्वतीय छाया

29. सुनामी की उत्पत्ति किसके द्वारा होती है?
(a) पृथ्वी की ऊपरी परत के सिकुड़ने से
(b) चक्रवातों से
(c) समुद्र के भीतर उत्पन्न होने वाले भूकम्प से
(d) ज्वार-भाटे से

30. 'ऋतु-प्रवास' शब्द किसके लिये उपयोग होता है?
(a) जानवरों का झुण्ड में स्थानान्तरित होना
(b) मनुष्य का नौकरी की तलाश में स्थानान्तरित होना
(c) मानव व उनके पशुओं का मौसमी स्थानान्तरण-घाटी से पर्वत की ओर व पर्वत से घाटी की ओर
(d) खानाबदोशों का स्थानान्तरण

31. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I** (*नदियाँ*) | **सूची-II** (*उनकी सहायक नदियाँ*) |
|---|---|
| (a) कृष्णा | (1) चम्बल |
| (b) ब्रह्मपुत्र | (2) इन्द्रावती |
| (c) गोदावरी | (3) तिस्ता |
| (d) यमुना | (4) भीमा |

**कूट:**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

32. भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मनीकरण बिजली संयंत्र किस राज्य में स्थित है?
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) जम्मू और कश्मीर (d) उत्तराखण्ड

33. अगर किसी क्षेत्र का लैंडसेट (LANDSAT) आँकड़ा आज मिलता है, उसके पश्चिम में स्थित क्षेत्र का आँकड़ा कब उपलब्ध होगा?
(a) उपग्रह की दूसरी कक्षा के द्वारा उसी दिन
(b) उसी समय (स्थानीय समय के अनुसार) दूसरे दिन
(c) उसी समय (स्थानीय समय के अनुसार) कुछ दिनों बाद
(d) परिवर्तनीय व नियंत्रणीय समय के बाद

34. अधोलिखित उच्चावच आकृतियों पर ध्यान दीजिये:
(1) ज़ास्कर पर्वत श्रृंखला
(2) धौलाधर पर्वत श्रृंखला
(3) लद्दाख पर्वतश्रृंखला
(4) कराकोरम पर्वत श्रृंखला
उपरोक्त उच्चावच आकृतियों का दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ते हुये सही क्रम बताइये:
(a) 2, 1, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 4, 2, 1, 3

35. ज्वालामुखी से सबसे अधिक कौन-सी गैस निकलती है?
(a) जलवाष्प (b) हीलियम
(c) सल्फर डाइऑक्साइड (d) कार्बन डाइऑक्साइड

36. अधोलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही है?

| *जनजाति* | *मूल राज्य* |
|---|---|
| (a) थारू | : उत्तराखण्ड |
| (b) भूटिया | : उत्तर प्रदेश |
| (c) मुंडा | : बिहार |
| (d) कोल | : राजस्थान |

37. संयुक्त राज्य अमरीका की बृहत् झीलों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम क्या है?
(a) ह्यूरान–मिशिगन–ऑन्टेरिओ–सुपीरियर–ईरी
(b) सुपीरियर–ऑन्टेरिओ–ईरी–मिशिगन–ह्यूरान

Drishti IAS

(c) ऑन्टेरिओ–ईरी–ह्यूरान–मिशिगन–सुपीरियर

(d) ईरी–ह्यूरान–मिशिगन–ऑन्टेरिओ–सुपीरियर

38. कैनेडियन पैसिफिक रेलवे किन दो स्टेशनों के बीच चलती है?

(a) एडमोण्टन एवं हैलिफैक्स

(b) मॉन्ट्रियल एवं वैंकूवर

(c) ओटावा एवं प्रिंस रुपर्ट

(d) हैलिफैक्स एवं वैंकूवर

39. सूची-I को सूची- II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) गल्फ स्ट्रीम | (1) प्रशान्त महासागर |
| (b) पश्चिमी वायु प्रवाह | (2) पश्चिमी वायु के क्षेत्र के ऊपर से पूरब की ओर चलने वाली धीमी धारा |
| (c) पेरू धारा | (3) हिंद महासागर |
| (d) पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई धारा | (4) गर्म धारा |

**कूट:**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

40. काज़ीरंगा किसके लिये जाना जाता है?

(a) गैंडा (b) बाघ

(c) चिड़िया (d) शेर

41. आसवान उच्च बाँध स्थित है

(a) सूडान में (b) मिस्र में

(c) ज़ायेर में (d) नाईजीरिया में

42. रोबस्टा एक प्रकार का/की — है, जो अफ्रीका में उत्पन्न होता/होती है।

(a) केला (b) कॉफी

(c) तम्बाकू (d) कोकोआ

43. मौसम बदलने का क्या कारण है?

(a) पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना (चक्कर लगाना) एवं सूर्य के चारों ओर घूमना (चक्कर लगाना)

(b) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना

(c) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना व अपने अक्ष पर झुका होना

(d) पृथ्वी का अपनी धुरी पर चक्कर लगाना व अपने अक्ष पर झुका होना

44. अधोलिखित (नीचे लिखी) कौन-सी चट्टान में जीवाश्म नहीं पाये जाते हैं?

(a) कॉन्ग्लोमरेट (b) ग्रेनाइट

(c) शेल (d) बलुआ पत्थर

45. मानव की कौन-सी क्रिया जलवायु से सर्वाधिक प्रभावित होती है?

(a) मत्स्य अद्योग (b) खनन

(c) निर्माण (d) कृषि

46. खानाबदोश जनजाति के लोग सर्वाधिक किस क्षेत्र में पाये जाते हैं?

(a) गर्म नमी वाले प्रदेश (b) ठंडे नमी वाले प्रदेश

(c) वर्षा वाले क्षेत्र (d) शुष्क क्षेत्र

47. किस कृषि क्षेत्र में, छोटे क्षेत्रों में अधिक मानव श्रम की आवश्यकता होती है?

(a) भूमध्यसागरीय कृषि (b) प्राच्य खेती

(c) व्यापारिक खेती (d) व्यापारिक बागवानी

48. संयुक्त राज्य अमरीका के मध्य मैदानों पर चीनूक हवाओं का क्या प्रभाव पड़ता है?

(a) जाड़े का तापमान बढ़ जाता है

(b) गर्मी का तापमान कम हो जाता है

(c) समान तापमान रहता है

(d) तापमान पर कोई असर नहीं पड़ता है

49. अधोलिखित (नीचे लिखे) जोड़ों में से कौन-सा सही जोड़ा नहीं है?

(a) फुलानी–पश्चिमी अफ्रीका

(b) बंटू–सहारा

(c) मसाई–पूर्वी अफ्रीका

(d) नूबा–सूडान

50. वायुमण्डल की कौन-सी परत दूरसंचार प्रणाली के लिये प्रयोग होती है?

(a) क्षोभमण्डल (परिवर्तन मण्डल)

(b) तापमण्डल

(c) समतापमण्डल

(d) आयनमण्डल

51. व्यय का अनुमान किस रूप में भारतीय संसद के समक्ष रखा जाता है?

(a) तदर्थ निधि (b) अतिरिक्त अनुदान

(c) अनुपूरक अनुदान (d) अनुदान का अनुरोध


Drishti IAS

52. भारत में बजट का राजस्व अनुमान तैयार किया जाता है
(a) प्रत्यक्ष-कर के केन्द्रीय बोर्ड द्वारा
(b) मन्त्रीमण्डल सचिवालय द्वारा
(c) सम्बन्धित आयोगों द्वारा
(d) वित्त मन्त्रालय द्वारा

53. 'बजट' एक लेख-पत्र है
(a) सरकार की मौद्रिक नीति का
(b) सरकार की वाणिज्य नीति का
(c) सरकार की राजकोषीय नीति का
(d) सरकार की मुद्रा-बचत नीति का

54. "राष्ट्रपति के सिफ़ारिश के बगैर कोई विधेयक जो कर लगाता है विधायिका में नहीं रखा जा सकता" –यह प्रावधान भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत आता है?
(a) अनुच्छेद 117 (b) अनुच्छेद 266
(c) अनुच्छेद 306 (d) अनुच्छेद 307

55. 'राज्य भविष्य निधि' के अन्तर्गत सरकार जो मुद्रा पाती है, उसको जमा किया जाता है
(a) आकस्मिक निधि में
(b) संयुक्त निधि में
(c) सामान्य विकास निधि में
(d) सार्वजनिक लेखा निधि में

56. बजट के हिसाब-किताब की जाँच भारतीय संसद किसके द्वारा करती है?
(a) आकलन समिति
(b) सार्वजनिक लेखा समिति
(c) विशेषाधिकार समिति
(d) हिसाब-किताब जाँच समीक्षा समिति

57. भारत में महिलाओं के लिये स्थान आरक्षित हैं
(a) पंचायती राज संस्थाओं में
(b) राज्य विधान सभाओं में
(c) मंत्रीमण्डल में
(d) लोक सभा में

58. निम्नलिखित में से 1999 में किसके विघटन से जातीयतावादी काँग्रेस पार्टी का गठन हुआ?
(a) शिव सेना (b) काँग्रेस पार्टी
(c) बी. जे. पी. (d) बी. एस. पी.

59. निम्नलिखित में से कौन-सा एक गैर-आर्थिक घटकों में से नहीं है, जो आर्थिक विकास में योगदान देते हैं?
(a) मानव संसाधन (b) भ्रष्टाचार
(c) सामाजिक संगठन (d) कृषि में विक्रय बचत

60. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वित्त मन्त्रायल का एक विभाग नहीं है?
(a) व्यय (b) राजस्व
(c) बैंकिंग विभाग (d) आर्थिक मामला

61. संसद में बजट सम्बन्धित प्रक्रिया के विषय में, "माँग की राशि को घटाकर एक रुपया करना है", को कहा जाता है
(a) आर्थिक कटौती प्रस्ताव
(b) नीति कटौती प्रस्ताव
(c) आधारभूत कटौती प्रस्ताव
(d) सांकेतिक कटौती प्रस्ताव

62. सैद्धान्तिक रूप से यदि आर्थिक विकास की कल्पना की जाती है, तो इनमें से किस एक को साधारणत: ध्यान में नहीं रखा जाता है?
(a) सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि
(b) विश्व बैंक से वित्तीय सहायता में वृद्धि
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि
(d) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि

63. भारत में स्वतन्त्रता के पश्चात् प्रथम मन्त्रीमण्डल का कानून मंत्री कौन था?
(a) के. एम. मुन्शी (b) एस. पी. मुखर्जी
(c) बलदेव सिंह (d) बी. आर. अम्बेदकर

64. भारत में 1975 में चालू की गयी एकीकृत बाल विकास सेवा (आइ. सी. डी. एस.) योजना किसके द्वारा लागू की गयी?
(a) शिक्षा मन्त्रालय
(b) एच. आर. डी. मन्त्रालय
(c) वित्त मन्त्रालय
(d) महिला एवं बाल-कल्याण मन्त्रालय

65. 1991 की औद्योगिक नीति की अनेक बिन्दुओं पर आलोचना हुई थी। निम्नलिखित में से कौन-सा एक बिन्दु उनमें से नही था?
(a) अनिश्चित औद्योगिक विकास
(b) विदेशी प्रतियोगिता से खतरा
(c) कृषि सेक्टर की उपेक्षा
(d) विदेशी निवेश में गलत विश्वास

66. भारत सरकार द्वारा शेयर का पूँजी विनिवेश के लिए रंगराजन समिति की नियुक्ति कब की गयी?
(a) 1991 (b) 1993
(c) 1999 (d) 2004

67. भारत में राज्य सरकारों में निम्नलिखित में से कौन-सा एक मुख्यत: राजस्व-कर का भाग नहीं होता है?
(a) भूमि राजस्व (b) पंजीकरण शुल्क
(c) सीमा शुल्क (d) वाणिज्य-कर

Drishti IAS

68. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है
(a) 15 मार्च (b) 18 अप्रैल
(c) 27 सितम्बर (d) 10 दिसम्बर

69. सबसे तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्थाओं BRIC (ब्राजील, रूस, भारत, चीन) में दक्षिण अफ्रीका कब सम्मिलित हुआ?
(a) 1999 (b) 2001
(c) 2008 (d) 2011

70. किस आयोग ने स्थायी अन्तर-राज्यीय परिषद्, जो 'अन्तर-सरकारी परिषद्' के नाम से जानी जाती है, की स्थापना का समर्थन किया?
(a) पंछी आयोग (b) सरकारिया आयोग
(c) राधाकृष्णन आयोग (d) मोइली आयोग

71. स्वतन्त्रता के अधिकार के भाग के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा "बिना हथियार के शान्तिपूर्ण ढंग से इकट्ठा होने की स्वतन्त्रता के अन्तर्गत नहीं आता है?"
(a) घेराव अफसर जो अपना कर्तव्य नहीं निभाते
(b) शान्तिपूर्वक इकट्ठा होना
(c) एकत्रित जनता, जिनको हथियार नहीं रखना चाहिए
(d) इस अधिकार के अभ्यास पर राज्य कानून बनाकर तर्कपूर्ण प्रतिबन्ध लगा सकता है

72. 'विधि आयोग' के किस अध्यक्ष ने अपनी रिपोर्ट में समर्थन किया है कि "प्रत्येक उच्च न्यायालय के एक-तिहाई न्यायाधीश दूसरे राज्य से होने चाहिये"?
(a) न्यायाधीश पी. एन. भगवती
(b) न्यायाधीश हिदायतुल्लाह
(c) न्यायाधीश एच. आर. खन्ना
(d) न्यायाधीश चन्द्रचूड़

73. भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको सौंपता है?
(a) लोक सभा का अध्यक्ष
(b) भारत का उप-राष्ट्रपति
(c) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(d) भारत का प्रधानमंत्री

74. जब राष्ट्रपति मृत्यु, त्यागपत्र, पदच्युत या अन्य कारणों से अपने कर्तव्यों को नहीं निभा सकता है, तो उप-राष्ट्रपति कितने समय तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है?
(a) 5 वर्ष (b) $1\frac{1}{2}$ वर्ष
(c) 1 वर्ष (d) 6 माह

75. राष्ट्रपति द्वारा जारी एक अध्यादेश संसद के सत्र शुरू होने के बाद कितने समय तक रखा जाना आवश्यक है?
(a) 1 माह (b) 6 सप्ताह
(c) 8 सप्ताह (d) 6 माह

76. राँची में कैथोलिक गिरजाघर की स्थापना कब हुई थी?
(a) 1909 (b) 1910
(c) 1911 (d) 1912

77. झारखंड का सबसे ऊँचा जलप्रपात कौन-सा है, जहाँ जल 100 मीटर की ऊँचाई से गिरता है?
(a) हिरनी (b) हुन्डू
(c) दशम (d) जोन्हा

78. झारखंड में मुख्यत: कितने प्रकार की फसलें पैदा होती है?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

79. 1857 की क्रांति में सम्पूर्ण सिंहभूम क्षेत्र में क्रांतिकारियों के प्रमुख नेता कौन थे?
(a) राजा दुर्जन साल (b) राजा अर्जुन सिंह
(c) ठाकुर विश्नाथ शाही (d) टिकैत उमराव सिंह

80. टाना भगत आन्दोलन की शुरूआत कब हुई थी?
(a) अप्रैल 1912 (b) अप्रैल 1913
(c) अप्रैल 1914 (d) अप्रैल 1915

81. संविधान सभा में छोटानागपुर के इनमें से कौन-सा आदिवासी नेता सदस्य थे?
(a) एन. ई. होरो (b) जयपाल सिंह
(c) सुशील कुमार बागे (d) कार्तिक ओराँव

82. 'बिरहोर' का शाब्दिक अर्थ क्या है?
(a) जंगल का आदमी (b) प्रकृति-प्रेमी आदमी
(c) पवित्र आदमी (d) आम आदमी

83. 'Lac' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के किस शब्द से हुई है?
(a) यक्ष (b) लक्ष
(c) तक्ष (d) दक्ष

84. झारखंड में टाटा आयरन ऐन्ड स्टील कम्पनी की स्थापना कब हुई थी?
(a) 1905 (b) 1906
(c) 1907 (d) 1908

85. झारखंड के प्रथम राज्यपाल कौन थे?
(a) रामा जोइस (b) सैय्यद सिब्ते राजी
(c) वेद मरवाह (d) प्रभात कुमार

86. छोटानागपुर का क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अंतर्गत कब आया था?
(a) 1764 (b) 1765
(c) 1772 (d) 1773

87. संथाल परगना काश्तकारी कानून कब लागू हुआ?
(a) 1856 (b) 1857
(c) 1858 (d) 1859

88. छोटानागपुर में विल्किंसन कानून कब लागू हुआ?
(a) 1834 (b) 1835
(c) 1836 (d) 1837

89. छोटानागपुर काश्तकारी कानून कब लागू हुआ था?
(a) 1905 (b) 1906
(c) 1907 (d) 1908

90. सोहराय किस जनजाति का सबसे बड़ा त्योहार है?
(a) बिरहोर (b) संथाल
(c) मुंडा (d) ओराँव

91. पारसनाथ पहाड़ी की ऊँचाई कितनी है?
(a) 4380 फुट (b) 4480 फुट
(c) 4580 फुट (d) 4680 फुट

92. झारखंड में आदिवासियों के फूलों के त्योहार का नाम क्या है?
(a) टुसु (b) बाहा
(c) सरहुल (d) करमा

93. झारखंड के किस नृत्य-शैली को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि मिली है?
(a) पइका (b) जदुर
(c) जतरा (d) छऊ

94. झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?
(a) शिबू सोरेन (b) मधु कोड़ा
(c) बाबूलाल मरांडी (d) अर्जुन मुंडा

95. हिन्दु भाद्रपद मास में जनजातियों की कौन-सी पूजा होती है?
(a) रामनवमी (b) सरहुल
(c) करमा (d) सोहराय

96. संथालों में गाँव के प्रधान को क्या कहते हैं?
(a) महतो (b) मड़हा
(c) मुखिया (d) माँझी

97. 'धुमकुरिया' किस जनजाति की सामाजिक संस्था है?
(a) ओराँव (b) कुडुख
(c) मुंडा (d) संथाल

98. हजारीबाग का सूरजकुंड झारखंड का सबसे ज्यादा गरम पानी का स्रोत है। इसका तापमान क्या है?
(a) 80 °C (182 °F) (b) 84 °C (186 °F)
(c) 88 °C (190 °F) (d) 92 °C (194 °F)

99. छोटानागपुर में 'फुसफुस' बलुआ मिट्टी किस क्षेत्र में पायी जाती है?
(a) दामोदर घाटी क्षेत्र (b) सिंहभूम क्षेत्र
(c) कोयलकारो क्षेत्र (d) पलामू क्षेत्र

100. दामोदर घाटी निगम की स्थापना कब हुई थी?
(a) 1945 (b) 1946
(c) 1947 (d) 1948

Drishti IAS